# जगद्गुरु रामानन्दाचार्यराजस्थानसंस्कृतविश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा, जयपुर– 302026

**क्रमांकः–प.(1013–II)जरारासंविवि / नि.शै.प. / 2025 / 658** **दिनांक : 01/12/2025**

प्रेषिती,

**प्राचार्य**

समस्त सम्बद्ध शास्त्री / शिक्षाशास्त्री / आचार्य महाविद्यालय

जरारासंविवि, जयपुर।

**विषय –अन्तर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता सत्र 2025–26 बाबत।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2025–26 में ज. रा. राज. संस्कृतविश्वविद्यालय, जयपुर की अन्तर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन निम्नानुसार किया जाना है–

| क्र.सं. | संवर्ग | खेल का नाम | आयोजन स्थल | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुरूष (प्रथम चरण) | वालीबॉल,खौ–खौ, एथलेटिक्स कबड्डी,बैडमिटन,फुटबाल, कुश्ती | सेठ सूरजमल तापड़िया आ. सं. महा., जसवंतगढ़ (नागौर) | 15–19 / 12 / 2025 |
| 2 | पुरूष (द्वितीय चरण) | शूटिंग (10 मी. पिस्टल व रॉईफल) | राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय महापुरा, जयपुर। | 07–08 / 01 / 2026 |
| 3 | तृतीय चरण | योग (पुरुष एवं महिला) | योग विभाग, जरारासविवि, जयपुर | 4–05 / 02 / 2026 |
| 4 | पुरूष (चतुर्थ चरण) | क्रिकेट, रग्बी | प्रस्तावाधीन | प्रस्तावाधीन |
| 5 | महिला वर्ग | समस्त प्रतियोगिताएं | प्रस्तावाधीन | प्रस्तावाधीन |

प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु प्रत्येक महाविद्यालय से **खेल शुल्क रु. 5000 /**–निर्धारित है, जिसका डीडी / चालान **"कुलसचिव, ज. रा. राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर"** के नाम से देय **दिनांक 15.12.2025 तक** विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी क्रीड़ा शुल्क की राशि 5,000 /– रूपये शिक्षाशास्त्री महाविद्यालयों के पी.एस.एस.टी. मद से स्थानान्तरण कर खेलकुद मद में जमा कर दिये जायेगे, **शिक्षाशास्त्री महाविद्यालयों को अलग से क्रीड़ा शुल्क की राशि नहीं भेजनी हैं।**

शुल्क चालान / डीडी की छायाप्रति प्रतियोगिता केन्द्र पर अपने दल के साथ अवश्य भिजवाये, शुल्क जमा रसीद के अभाव में दल को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जा सकेगा।

क्रीड़ा प्रतियोगिताएं शिक्षा का अभिन्न अंग है तथा इन प्रतियोगिताओं से छात्रों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की वृद्धि होती है। अतः सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य एवं आवश्यक है। आयोजित होने वाली क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के लिए आपके महाविद्यालय की टीम का चयन कर टीम को प्रतियोगिता प्रारम्भ होने के एक दिन पूर्व सायं 5.00 बजे तक आयोजन स्थल पर भिजवाया जाना सुनिश्चित कराये, ड्रा उसी दिन सायं 7.00 बजे डाला जाएगा।

शिक्षाशास्त्री महाविद्यालय के सभी छात्र प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पात्र होंगें। क्रीड़ा प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा पूर्व प्रसारित खेल नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी, शेष पात्रता नियम पूर्ववत् रहेगें। खिलाड़ी छात्र के नवीनतम वर्ष के परिचय पत्र की सभी प्रविष्टियां आवश्यक रूप से पूर्ण होनी चाहिए। योग्यता प्रपत्र के साथ कक्षा 10, 12 व पिछले वर्ष की उत्तीर्ण परीक्षा की अंकतालिका की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न कर प्रेषित करें। फुटबाल खेल के खिलाड़ियों की पात्रता आयु 25 वर्ष इस वर्ष से AIU दिल्ली द्वारा निर्धारित की गईहै। शेष आयु वर्ग पूर्वत रहेगा।

कुलसचिव